卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओइम् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 149 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦5 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# विपक्ष के नौ नेताओं ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

## हम एक लोकतंत्र से तानाशाही की ओर बढ़ रहे

नई दिल्ली( उद ब्यूरो)। आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के मामले



पर अरविंद केजरीवाल समेत विपक्ष के नौ नेताओं ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। चिट्ठी में कहा गया है कि इस बात से आप में सहमत होंगे कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, उन कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक लोकतंत्र से तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं। चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी नेताओं में अरविंद केजरीवाल (आप)के. चंद्रशेखर राव (बीआरएस) ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) भगवंत मान (आप) तेजस्वी यादव (राजद) फारूक अब्दुल्ला (जेकेएनसी) शरद पवार (एनसीपी) उद्धव ठाकरे (शिवसेना, यूबीटी) अखिलेश यादव (सपा) शामिल हैं। पत्र में कहा गया कि 26 फरवरी 2023 को दिल्ली में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी काफी लंबी कवायद के बाद और बिना कोई सबूत साझा किए की गई। सिसोदिया पर लगाए गए सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। इस कार्रवाई से पूरे देश की जनता में रोष है। मनीष सिसोदिया को स्कूल शिक्षा में शानदार बदलाव लाने के लिए जाना जाता है। ऐसे में सिसोदिया का गिरफ्तारी दुनिया के सामने राजनीतिक साजिश का उदाहरण पेश करती है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्य भाजपा शासन में खतरे में हैं।पत्र में आगे कहा गया कि 2014 में भाजपा के केंद्र की सत्ता में आने के बाद अब तक जिन नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मामले दर्ज किए हैं, उनसे पूछताछ की है, उन्हें गिरफ्तार किया है या उनके आवासों या परिसरों पर छापेमारी की है, वे ज्यादातर विपक्षी पार्टियों से संबंधित हैं। रोचक बात यह भी है कि उन नेताओं के खिलाफ जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई है, जिन्होंने अब भाजपा का दामन थाम लिया है।चिट्ठी में ऐसे नेताओं का उदाहरण भी दिया गया है। कहा गया कि पूर्व कांग्रेस नेता और अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा (भाजपा) के खिलाफ ईडी और सीबीआई ने 2014 और 2015 में शारदा चिट फंड मामले में जांच बैठाई थी। हालांकि, सरमा के भाजपा में आने के बाद जांच ठंडे बस्ते में चली गई। चिट्ठी में पूर्व तृणमूल कांग्रेस नेता सुवेंदु अधिकारी और मुहुल रॉय का भी जिक्र किया गया। चिट्ठी में कहा गया कि महाराष्ट्र के नारायण राणे समेत कई नेताओं के नाम ऐसे ही उदाहरण पेश करते हैं। चिट्ठी में उन विपक्षी नेताओं के बारे में भी बताया गया, जो इस वक्त केंद्रीय एजेंसियों की जांच सामना कर रहे हैं। इनमें लालू प्रसाद यादव (राजद), संजय राउत (शिवसेना उद्धव गुट), अजम खां (सपा), नवाब मलिक, अनिल देशमुख (एनसीपी) और अभिषेक बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस) के नाम शामिल हैं। चिट्ठी में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों में राज्यपाल और सरकार के बीच चल रही तनातनी का भी जिक्र किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया कि विपक्षी दलों **( शेष पेज सात पर )**

# उत्तराखंड प्रवास पर पहुंचे गडकरी

## केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने देहरादून दिल्ली एक्सप्रेस वे का लिया जायजा

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शनिवार रात चार दिन के निजी प्रवास पर उत्तराखंड पहुंचे। नटराज होटल में पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक के साथ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, महापौर अनीता ममगाई सहित भाजपा पदाधिकारियों ने उनका पगड़ी पहनकर स्वागत किया। उसके बाद केंद्रीय मंत्री ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्लास हाउस होटल में रात्रि प्रवास के लिए रवाना हुए। सात मार्च तक वह यहीं रहेंगे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को श्यामपुर फाटक की समस्या से अवगत कराया और रायवाला प्रतीत



नगर मार्ग में ओवर ब्रिज बनाने की मांग की। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजय शर्मा, शिव कुमार गौतम, पवन शर्मा, सुदेश कंडवाल आदि ने उनका स्वागत किया।केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी देर रात बहादराबाद क्षेत्र के ग्राम बढेडी राजपूतान पहुंचे। यहां पर उन्होंने सिक्स लेन देहरादून दिल्ली एक्सप्रेस वे की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं और बुके भेट कर उनका स्वागत किया।शनिवार देर रात बहादराबाद क्षेत्र के ग्राम बढेडी राजपूतान में मौके पर मौजूद हज कमेटी सदस्य राव काले खां व भाजपा नेता मुनेश सैनी भी मौके पर मौजूद रहे। एक्सप्रेस वे की तैयारियों संबंधित जानकारी लेने के बाद केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी हरिद्वार होते **( शेष पेज सात पर )**

# जंगल में ग्रामीण पर गिरा पेड़,मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। जंगल में कार्य के दौरान युवक पर अचानक पेड़ के गिर जाने से उसकी मौत हो गई। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसारशक्तिफार्म क्षेत्र के गांव बैकुंठपुर निवासी मधुसूदन माझी की रामनगर के ज्वाला वन जंगल में अचानक पेड़ गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। बैकुंठपुर निवासी मधुसूदन माझी पुत्र निशिकांत माझी अपनी रोजी रोटी कमाने जंगल में कार्य करता था।कार्य का दौरान अचानक पेड़ उसके ऊपर आ गिरा। जिससे मदुसूदन लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद अन्य साथी कर्मियों द्वारा आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही उनके घर में कोहराम मच गया। मधुसूदन माझी अपने पीछे अपनी पत्नी और बच्चे को रोता बिलखता छोड़ गया। उनकी पत्नी और पुत्र अमन माझी और नाबालिक लडकी का रो रोकर बुरा हाल है।मधुसूदन माझी निर्धन परिवार से है। जंगल में कार्य करते हुए उनकी हुई मौत पर परिवार वाले विभाग से मदद की आस लगाए बैठे है।



# उत्तरकाशी में तीन बार भूकंप के झटके आने से मचा हड़कंप

उत्तरकाशी। देवभूमि उत्तराखंड में एक के बाद एक भूकंप के 3 झटकों से लोगों में हड़कंप मच गया। यहां उत्तरकाशी जिले में देर रात भूकंप के तीन झटकों से धरती डोल गयी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 12:45 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.5 थी। वहीं श्रीनगर जम्मू कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।उत्तरकाशी में शनिवार देर रात एक के बाद एक भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. फिलहाल इस दौरान किसी तरह के जान-माल की कोई सूचना नहीं है। पहला झटका रात 12:40, दूसरा झटका 12:45 व तीसरा झटका 01:01 पर महसूस किया गया। स्थानीय निवासी हेमलता ने बताया कि अचानक खिड़की दरवाजे जोर से बजने की आवाज सुनाई दी, साथ ही किचन में रखें कुछ बर्तन भी गिर गए। एक के बाद एक लगातार तीन भूकंप के झटकों के आने से लोगों में काफी दहशत है। लोग काफी देर तक घरों के बाहर ही रहे।**( शेष पेज सात पर )**

# बेराजगारों को ठगने वाले गिरोह का भण्डाफोड़

## एसटीएफ ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार,लैपटॉप, तीन फोन व भारतीय युवा खेल परिषद के दस्तावेजों को किया सीज

देहरादून( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि कुछ दिवस पूर्व एसटीएफ कार्यालय में उत्तराखण्ड के कुछ युवकों द्वारा शिकायत की गयी थी कि एक संगठित गिरोह द्वारा भारतीय युवा खेल परिषद में फिजीकल एजुकेशन टीचर, भारतीय रेलवे, इन्कम टैक्स, आदि विभागों में सरकारी नौकरी के पदों के लिये आनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं तथा भर्ती कराने के एवज में फर्जी भर्ती सेन्टरों में ट्रेनिंग देकर मोटी रकम ली जा रही है। इस सम्बन्ध में एसटीएफ द्वारा जांच में पाया कि भारतीय युवा खेल परिषद नाम




से एक बेवसाइट बनी हुयी है जिसमें फिजीकल एजुकेशन टीचर जैसे विभिन्न पदों के लिये आनलाइन आवेदन पत्र उपलब्ध हैं तथा उसमें रजिस्ट्रेशन के लिये 700 रूपये की फीस निर्धारित की गयी है साथ इसी बेवसाइट में कॉन्टेक्ट नम्बर भी जारी किये गये हैं। इस बेवसाइट पर दिये गये नम्बर पर जब कोई बेरोजगार युवक या युवती जानकारी करते थे तो उन्हें सामने वाले व्यक्ति द्वारा ये ही बताया जाता था कि ये एक सरकारी संस्था है तथा इसमें विभिन्न पदों की भर्ती के लिये आपको पहले 700 रूपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क भरकर आवेदन करना होगा उसके पच्श्चात आपका सलेक्शन होने पर आपको ट्रेनिंग भेजा जायेगा। इसके बाद युवकों द्वारा सम्बन्धित वेबसाइट में **( शेष पेज सात पर )**

# गद्दे व इलेक्ट्रॉनिक के शोरूमों में भड़की आग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में आज एक गद्दे व इलेक्ट्रॉनिक के शोरूमों में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने



पर मौके पर पहुँची पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार थाना बनभूलपुरा क्षेत्र अंतर्गत रेलवे बाजार में अज्ञात कारणों के चलते गद्दे व एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों **( शेष पेज सात पर )**

# गौला नदी में सोमवार से शुरू होगा खनन

लालकुआं( उद संवाददाता)। आखिर लंबे समय तक चले आंदोलन के बाद गौला नदी में जल्द फावड़े और बेलचे खनकने की गूंज सुनाई पड़ने लगेगी।गौला



संघर्ष समिति के संयोजक मनोज जोशी और गौला संघर्ष समिति के अध्यक्ष जीवन कबडवाल ने बताया है कि व्यक्तिगत रूप से स्टोन क्रशर संचालकों के साथ रेट निर्धारण के बाद यह निर्णय लिया गया है उन्होंने बताया **( शेष पेज सात पर )**

# सरकारी मुहर नही होने पर बैठक की स्थगित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता) । टैगोर नगर ग्राम सभा में ग्राम विकास अधिकारी के पास सरकारी मुहर न होने पर ग्रामीणों द्वारा आयोजित खुली बैठक स्थगित



कर दी गयी। उपप्रधान एवं सभासदों ने बताया कि बीते शुक्रवार को ग्राम के एक निजी विद्यालय में खुली बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें वृद्धा, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर संबंधित कई **( शेष पेज सात पर )**

# अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने देखी विवादित रेलवे भूमि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहुचर्चित रेलवे भूमि प्रकरण में बीती 7 फरवरी को उच्चतम न्यायालय दिल्ली में हुई सुनवाई में न्यायालय ने रेलवे को 8 सप्ताह का समय देते हुए आगामी 2 मई को मामले की सुनवाई करने का फैसला सुनाया था। अब 2 मई को होने वाली सुनवाई पर रेलवे प्रकरण से पीड़ित लोगों की नजर है। इसी क्रम 4 मार्च शनिवार को उच्चतम न्यायालय में हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी की ओर से रेलवे पीड़ितों का मामला देख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशान्त भूषण हल्द्वानी पहुँचे। यहां उन्होंने रेलवे द्वारा बताई जा रही जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी भी मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया कि उन्होंने रेलवे प्रकरण भूमि का स्वयं ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रकरण भूमि पर काफी सरकारी निर्माण हुए हैं। जिसमे सरकारी स्कूल, ट्यूबवेल, बैंक ,आगनबाड़ी तथा काफी पुरानी मंदिर , मस्जिद, धर्मशाला भी बनी हुई हैं। साथ ही पचास से सौ साल



तक की पुरानी आबादी है। प्रशांत भूषण के द्वारा कहा गया कि हाई कोर्ट का एक पक्षी निर्णय था। जिस पर उच्चतम न्यायालय के द्वारा रोक लगाई गई है। ग्राउंड जीरो पर देखने से प्रतीत होता है कि रेलवे को इतनी जमीन की आवश्यकता नहीं है जितनी कि बताई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट इस इस मामले में जमीनी सच्चाईयों को भी ध्यान में रखते हुए अपना निर्णय देगा। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट रेलवे प्रकरण से पीड़ित लोगों के हक में फैसला करेगी। वहीं समाजवादी पार्टी प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के द्वारा बताया गया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण रेलवे प्रकरण में मानवता को दृष्टिगत रखते हुए हर संभव न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। जिनके लिए हम सभी उनके सदा आभारी रहेंगे और हमें यकीन है कि माननीय उच्चतम न्यायालय हमारे हक में बेहतर फैसला करेगा।

# महिला की गला रेत कर हत्या

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में इंदिरानगर स्थित वार्ड 31 में देर शाम मोहम्मदी मस्जिद के पास एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना के संदर्भ में पूछताछ की। घटना के बाद से मृतका महिला का पति भी फरार है। जानकारी के अनुसार देर शाम बनभूलपुरा के इंदिरानगर में महिला की गला रेत कर हत्या कर दिए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि यूनुस अपनी बीवी सीमा खान और बच्चों के साथ किराए के कमरे में रहता है। देर शाम इसी मकान में रह रहे लोगों ने मोहल्ले वालों




को बताया कि एक कमरे में कुछ घटना हुई है। जब लोग मौके पर पहुंचे तो महिला की गर्दन किसी धारदार हथियार से कटी हुई थी। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।बनभूलपुरा थाने के एसओ नीरज भाकुनी, उपनिरीक्षक मनोज यादव, संजीत राठौर मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया। तथा आस पड़ोस के लोगों से मामले के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। मौके से सभी साक्ष्यों को इकट्ठा कर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज भी पुलिस ने देखी। मृतका का पति मौके से फरार है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के परिजन भी आ गए। पुलिस ने दावा किया है कि मामले का शीघ्र खुलासा कर दिया जायेगा।

# उत्तराखंड में एएनएम के 824 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

नैनीताल। हाई कोर्ट ने राज्य में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के 824 पदों की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देती याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट के आदेश के बाद इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का रास्ता साफ हो गया है। नैनीताल निवासी पुष्पा बिष्ट, जीवंती सती सहित पांच ने याचिका दायर कर नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल सर्विस सलेक्शन बोर्ड की ओर से 824 एएनएम के पदों के लिए 15 मार्च 2022 को विज्ञापन जारी किया गया। 16 जनवरी 2023 को इसका परिणाम घोषित किया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार उनके अंक अधिक होने के बावजूद चयन कम अंक वालों का किया गया। मेडिकल सर्विस सलेक्शन बोर्ड व सरकार की ओर से बताया गया कि चयन बैच के क्रम में वरिष्ठता के आधार पर किया गया। याचिका में अंतिम चयन सूची के परिणाम को निरस्त करने की मांग की गई थी। सरकार की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता चयन प्रक्रिया में बतौर अभ्यर्थी शामिल थे, उनके नाम प्रारंभिक रूप से प्रकाशित चयन सूची में शामिल थे। जब अंतिम चयन सूची में उनके नाम शामिल नहीं किए गए थे तो उन्होंने याचिका दायर की। इसलिए इसे खारिज किया जाए। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने निर्णय देते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं ने अदालत का दरवाजा तब खटखटाया जब उन्होंने पाया कि अंतिम चयन सूची में उनका नाम नहीं है। उन्होंने चयन सूची का इंतजार नहीं किया। एक बार जब याचिकाकर्ता विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो जाते हैं तो उनके पास नियुक्ति प्राधिकारी पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं होता है। याचिकाकर्ताओं को दी गई कोई भी राहत चयनित उम्मीदवारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। इस आधार पर चयन सूची में हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। कोर्ट ने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी।

# दोस्तों ने पानी में डुबाकर की युवक की हत्या

विकासनगर। कोटी रोड छिबरौ क्षेत्र में टोंस नदी के किनारे पिकनिक मनाने गए युवक को दोस्तों ने ही अधिक शराब पिलाकर नदी में धक्का दे दिया था। आरोपियों ने पानी में डुबाकर युवक की हत्या कर दी। इसके बाद शव को 100 मीटर आगे नदी में स्थित गहरे जल कुंड में फेंक दिया।यह खुलासा आरोपी दोस्तों से पूछताछ में हुआ है। हत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को कालसी थाना पुलिस ने युवक के चारों दोस्तों को देर शाम गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि यशपाल सिंह (30) निवासी ग्राम ललोऊ हाल निवासी फतेहपुर हरबर्टपुर विगत मंगलवार को अपने चार दोस्तों सूरज निवासी ग्राम गैरखोल बड़ाबे पिथौरागढ़, प्रीतम निवासी ग्राम देहरा थाना नौगांव अमरोहा यूपी, विनय निवासी ग्राम कंधारपुर बरेली यूपी, चेतन सिंह राठौर निवासी आमगांव बदायूं यूपी के



साथ कोटी रोड छिबरौ क्षेत्र में टोंस नदी के किनारे पिकनिक मनाने गया था। इसके बाद से यशपाल सिंह लापता चल रहा था।परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। खोजबीन किए जाने पर शुक्रवार को नदी से यशपाल का शव बरामद किया गया। कालसी पुलिस ने शुक्रवार देर रात ही चारों साथियों के विरुद्ध हत्या तथा षड्यंत्र रचने का मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि नदी के किनारे पार्टी के दौरान आरोपियों ने यशपाल चौहान को अत्यधिक शराब पिलाई। पास में ही काम कर रहे मजदूरों के जाने के बाद शाम को यशपाल को नदी में धक्का देकर पानी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके शव को 100 मीटर आगे नदी में स्थित गहरे जल कुंड में फेंक दिया। थानाध्यक्ष कालसी रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि हत्या तथा षड्चंत्र रचने की धारा के अतिरिक्त साक्ष्य छिपाने की धारा बढ़ाई गई है।

## जीएसटी के अधिकारियों ने 28 व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर मारा छापा

जसपुर। गुड्स एंड सर्विस टैक्स की 23 टीमों ने नगर में 28 व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर करोड़ों की जीएसटी चोरी पकड़ी। एटीएम, चेकबुक सहित तमाम सामान अपने कब्जे में लिया और पांच दुकानों को सील कर दिया। कार्रवाई से दिन भर व्यापारी दहशत में रहे। कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर सड़कों पर टहलते देखे गए। उधर, उद्योग व्यापार मंडल और लकड़ी व्यापार कल्याण समिति के सदस्यों ने व्यापारियों को विश्वास में नहीं लिए जाने का आरोप लगाकर विरोध किया।शनिवार को जीएसटी की टीम के सदस्यों ने सुभाष चौक लकड़ी मंडी आदि स्थानों पर छापा मारकर व्यापारियों के अभिलेखों की जांच की। छापामारी से व्यापारियों में दहशत का माहौल रहा। जीएसटी दलों की छापामारी की सूचना मिलते ही व्यापारियों ने शटर गिराकर अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और सड़कों पर टहलने लगे। पूरे दिन सायरन बजानी गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रहीं। छापामारी से नगर में तरह-तरह की चर्चा रही। जीएसटी अधिकारी की सूचना पर एसडीएम सीमा विश्वकर्मा ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हुए व्यापारियों की पांच दुकानों को सील कर दिया। छापामारी की भनक लगते ही उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष तरुण गहलोत ने व्यापारियों के साथ छापामारी स्थल पहुंचकर जीएसटी दलों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि छापामारी करने से पहले व्यापारियों को विश्वास में लेना चाहिए था। इस अवसर पर राजाराम राजपूत, तरुण बंसल, नासिर अली, महफूज अली, अर्पित रस्तोगी, राहुल अग्रवाल, चेतन बंसल आदि उपस्थित रहे।

# जी-20 कांफ्रेंस में आने वाले विदेशी मेहमान करेंगे सफारी

## कार्बेट टाइगर रिजर्व में हाई अलर्ट, कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त

रामनगर। होली के त्योहार के मद्देनजर कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। फील्ड स्टाफ की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। उत्तर प्रदेश से लगी कार्बेट की दक्षिणी सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।कार्बेट टाइगर रिजर्व की दक्षिणी सीमा उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी हुई है। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिहाज से कार्बेट बेहद संवेदनशील है। बीते सालों का अनुभव है कि होली की छुट्टियों का लाभ उठाकर शिकारी जंगल में घुसपैठ करने का प्रयास करते हैं। पहले भी घुसपैठ की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में सीटीआर निदेशक डा. धीरज पांडे ने कर्मचारियों की छुट्टी होली तक निरस्त कर दी हैं। इस अवधि में किसी भी कर्मचारी को अवकाश देय नहीं होगा। कार्बेट की प्रत्येक रेंज में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। फील्ड स्टाफ को अपने-अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जंगल में दूरस्थ क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीटीआर निदेशक धीरज पांडे ने बताया कि कर्मचारियों की पेट्रोलिंग की समीक्षा की जा रही है। कर्मचारियों का आपात परिस्थिति में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। जी-20 कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए यहां पहुचने वाले वाले विदेशी मेहमान विश्व प्रसिद्ध कार्बेट नेशनल पार्क में डे सफारी करेंगे। वीवीआइपी मेहमानों के स्वागत के लिए कार्बेट प्रशासन इन दिनों तैयारियों में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि मेहमानों का डे सफारी का कार्यक्रम निधरित है। इसी माह 28 से 30 मार्च तक ढिकुली स्थित रिसार्ट में जी 20 कांफ्रेंस आयोजित होनी है। जिसमें 75 विदेशी तथा करीब ढाई दर्जन भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयोजन के अंतिम दिन यानी 30 मार्च को इन सभी मेहमानों का कार्बेट में फील्ड विजिट का कार्यक्रम तय बताया जा रहा है। इन मेहमानों को कार्बेट प्रशासन जिप्सियों से ढेला, झिरना, बिजरानी व गिरिजा पर्यटन जोन में से किसी एक जोन में डे सफारी कराएगा। पर्यटन जोन कौन सा होगा तथा उसमें किस तरह की व्यवस्था होगी उस पर अभी विभागीय अधिकारी मंथन कर रहे हैं। डीएम धीराज गर्ब्याल ने गुरुवार को रामनगर में अधिकारियों की बैठक ली थी। उन्होंने कहा था कि कार्बेट पार्क का अपना अलग महत्व है। जी-20 कांफ्रेंस में भाग लेने पहुंच रहे डेलीगेट्स कार्बेट पार्क की सैर पर जाएंगे। कार्बेट के अधिकारियों को कहा गया है कि सफारी के दौरान दुभाषिए गाइडों की व्यवस्था की जाए।

# सहायक खण्ड विकास अधिकारी समेत तीन कर्मचारी निलंबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि आयुक्त ग्राम्य विकास द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए 3 कार्मिकों को निलम्बित किया गया हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सहायक खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड रूद्रपुर नवीन चन्द्र उपाध्याय को जांच समिति की जांच आख्या के आधार पर प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन किये जाने हेतु उल्लिखित तथ्यों एवं उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।निलम्बन अवधि में नवीन को मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय नैनीताल में सम्बद्ध किया गया है।उन्होंने बताया कि सहायक खण्ड विकास अधिकारी रूद्रपुर /तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी खटीमा दिनेश चन्द्र गुरूरानी को जांच समिति की जांच आख्या के आधार पर तद्समय प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन किये जाने हेतु उल्लिखित तथ्यों एवं उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलंबन अवधि में गुरुरानी को मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय नैनीताल में सम्बद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि लेखाकार विकास खण्ड खटीमा सुन्दर सिंह रौकली को जांच समिति की आख्या के आधार पर लेखाकार के रूप में कार्य करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन किये जाने हेतु उल्लिखित तथ्यों एवं उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर आपको तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन अवधि में रोकली को मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय नैनीताल में संबद्ध किया गया है। निलम्बन अवधि में सभी को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड - 2 भाग-2 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महगांई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है भी अनुमन्य होगा, किन्तु ऐसे अधिकारी को जीवन निर्वाह के साथ कोई महगांई भत्ता देय नहीं होगा, जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के साथ कोई मंहगाई भत्ता अथवा मंहगाई भत्ता का उपातिक समायोजन प्राप्त नहीं था । निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि मेंइस शर्त पर देय होगें जब इसका समाधान हो जाय कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं।उक्त प्रस्तर-2 में उल्लिखित मदों का भुगतान तभी किया जायेगा आपके द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि आप किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति व्यवसाय में नहीं लगें हैं।

# नयना पीक की पहाड़ी पर भूस्खलन से मचा हड़कंप

नैनीताल। सरोवर नगरी की सबसे ऊंची नयना पीक की पहाड़ी पर शनिवार को हल्का भूस्खलन हुआ। इससे निचले इलाकों की आबादी में खलबली मच गई। भूस्खलन का मलबा पहाड़ी के नीचे झाड़ियों में अटक गया। इस दौरान धूल का गुबार उठा लोग दहशत में आ गए। शहर की सबसे ऊंची चोटी भूगर्भीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। यहां दो साल पहले भी भूस्खलन हुआ था। वन विभाग ने भूस्खलन की रोकथाम के लिए खंतियां (छोटी नालियां) भी बनाई हैं। मलबा गिरने की आवाज नीचे की आबादी तक सुनाई दी। स्थानीय लोगों ने धूल का गुबार भी उठता देखा। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहाड़ी पर इस स्थान पर चट्टानें टूटती रहती हैं और मलबे के साथ बोल्डर नीचे सड़क तक आ जाते हैं। भारी बारिश के दौरान तो लोगों में डर का माहौल रहता है, लेकिन इस बार बिन बारिश भूस्खलन हुआ है। लोगों ने बताया कि सिद्ध बाबा मंदिर जाने वाले रास्ते के समीप चौड़ी दरार भी है। बता दें कि 80 के दशक के अंतिम सालों में इस पहाड़ी पर भयंकर भूस्खलन हुआ था और बड़ी आबादी को विस्थापन झेलना पड़ा था। इसी चोटी के नीचे हजारों की आबादी रहती है। जिला प्रशासन ने भू विज्ञानियों की टीम से निरीक्षण कराने की बात कही है।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# 1 करोड़ 85 लाख रुपये की ठगी का आरोपी को किया गिरफ्तार

देहरादून( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ श्री आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि एसटीएफ के साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र, रूद्रपुर उधम सिंह नगर में रानीखेत निवासी सुरेश आर्या से साईबर ठगों ने फेसबुक पर दोस्ती कर वादी मुकदमा के पुत्र की शैल पैट्रोलियम इंटरनेशनल लन्दन में नौकरी लगाने के नाम पर तथा इसके उपरान्त गोल्ड व्यवसाय व अन्य में निवेश कराने एवं फण्ड रिलीज कराने के नाम पर झांसे में लेकर विभिन्न प्रकार के शुल्क जैसे इन्श्योरेन्स बॉण्ड, हाईकोर्ट वेरिफिकेशन,आईएमएफ के चार्ज, केवाईसी शुल्क, कस्टम शुल्क, इनकम टैक्स आदि के नाम पर लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपये की ठगी की घटना को वर्ष 2017 से 2022 के मध्य अंजाम दिया गया। जिसके सम्बन्ध में साईबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र रुद्रपुर में दिनाकं 08-01-2023 को मु०स०सं० 01/2023 धारा 420, 120(ठ)



आईपीसी 66आईटी एक्ट में पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक श्री ललित मोहन जोशी के सुपुर्द की गयी ।विवेचना के दौरान साईबर थाना पुलिस द्वारा तकनीकी एवं डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर घटना के मुख्य आरोपी को चिन्हित करते हुए थाना गोविन्दपुरी जिला साऊथ ईस्ट दिल्ली स्थित तुगलकाबाद एक्सटेंशन क्षेत्र में अभियुक्त के फ्लैट में दबिश देकर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त किये गये सिम कार्ड, मोबाईल फोन, पैन ड्राईव आदि बरामद किये गये। आरोपी द्वारा साईबर ठगी में करीब 25 ई-मेल आईडी तथा अनेक सिम कार्डस का प्रयोग किया जा रहा था। आरोपी पूर्व में दिल्ली में भी विदेशी अधिनियम में गिरफ्तार होकर तिहाड़ जेल जा चुका है, विवेचना से यह प्रकाश में आया है कि अभियुक्त द्वारा पूरे देश में बहुत लोगों के साथ साईबर धोखाधडी को अंजाम दिया जा रहा था जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है तथा अन्य राज्यों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। घटना में इस्तेमाल मॉडस आपरेन्डी- अभियुक्त द्वारा विदेशी महिलाओं की डीपी युक्त फेक फेसबुक प्रोफाईल बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जाती है तथा इसके उपरान्त लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन (यथा- विदेश में नौकरी लगाने, गिफ्ट पार्सल भेजने, विभिन्न प्रकार के इन्वेस्टमेण्ट कराने आदि) देकर लोगों से लाखों-करोडों रूपये की साईबर ठगी की जाती है। अभियुक्त तकनीकी रूप से काफी शातिर किस्म का है।

# होली समारोह में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होलिया में उडे रे गुलाल,श्याम तेरे मंदिर में जैसे पारम्परिक बृज होली गीतों के साथ श्री वार्ष्णेय सभा के तत्वावधान में श्री वार्ष्णेय युवा सभा तथा श्री वार्ष्णेय महिला सभा द्वारा रामपुर रोड स्थित वेंकट हाल में होली गायन ,लट्ठमार होली, फूलों की होली, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभा अध्यक्ष नरेश कुमार वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, अशोक वार्ष्णेय, सुरेशचन्द्र वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। होली के रंग में रंगी महिला होल्यारों ने होली गीतों की शुरुआत करते हुये कहा कि श्याम मोपे मत मारे पिचकारी, सास मेरी लड जायेगी, सुनाकर सबको मुग्ध कर दिया। वहीं देवर-भाभी के मध्य लट्ठमार होली के पश्चात फूलों की होली खेलते हुये सभी ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनायें देकर होली का आनंद लिया। रंगोली प्रतियोगिता भी सराहनीय रही। इस अवसर पर पवन कुमार गुप्ता डब्बू, किशोर कुमार वार्ष्णेय, डाक्टर संजय गुप्ता, डाक्टर नीरज वार्ष्णेय, डाक्टर आनन्द वार्ष्णेय, त्रिमोहन वार्ष्णेय, हरिमोहन वार्ष्णेय, सतीश चन्द्र वार्ष्णेय, विशन वार्ष्णेय, मनीष वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, सुषमा वार्ष्णेय, मंजू वार्ष्णेय, नीता वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय,धर्मेन्द्र वार्ष्णेय, हिमांशु वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण

खटीमा ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा 15.68 करोड़ की लागत से बन रहे केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता के साथ होना



चाहिये इसका विशेष ध्यान रहे। उन्होने कार्यदायि संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण जनवरी, 2024 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल विश्रा आदि उपस्थित थे।

# भीम आर्मी ने दिया धरना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में हरियाणा के भिवानी इलाके में दो युवकों को जिंदा जलाकर निर्मम हत्या के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजस्थान के घाटमिका पहाड़ी गांव से गत 16 फरवरी को अपहरण करके कुछ लोगों द्वारा दो युवकों की निर्मम पिटाई और फिर उन्हीं की गाड़ी में



हरियाणा के भिवानी इलाके में जिंदा जलाने की घटना में अभी तक न तो मुख्य आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और न ही सरकार ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व राहत प्रदान की है। इस दौरान जीआर टम्टा, सिराज अहमद, इशरतुल्लाह सैफी, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, जगदीश चंद्र, विनोद कुमार, सुलेमान मालिक, बालकिशन राम, विकास कुमार, रितिक कांत, असलम खान, मुन्ने आदि मौजूद थे।

# हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट ने ग्रामीणों को किया जागरूक

किच्छा। ग्राम संपतपूर्र में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट किच्छा वन की टीम ने सभी सेक्टरों व होली के त्यौहार तथा एक्सीडेंट, स्वच्छता, खाद्य पदार्थ, गरीबी, नारी सुरक्षा, नशा मुक्ति, को लेकर सुरक्षा जागरूकता फैलाई और इसी क्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे. जे. कुमार ने



बताया दुर्घटनाएं में कमी लाना राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य है और इस सत्र का हमारा थीम है' 'हमारा लक्ष्य – शुन्य नुकसान' तथा इस जागरूकता में (आपकी सुरक्षा सिर्फ और सिर्फ आप ही के हाथों में है) का नारा था। इस मौके पर फार्मासिस्ट भारत सिंह व प्रीतम गुसाईं तथा लैब टेक्नीशियन अमित सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

# काठगोदाम थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की करायी परेड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के द्वारा थाना काठगोदाम के कई हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर बुलाकर परेड करायी गयी। साथ ही उन्हें हिदायत की गई कि आगामी होली पर्व के दृष्टीगत किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पायी जाती है तो तत्काल सख्त से सख्त कार्यवाही



की जायेगी। जिन हिस्ट्रीशटर की परेड कराई गई उनमें गणेश सिंह बिष्ट पुत्र भोपाल सिंह बिष्ट निवासी दमुवाढूगां जवाहर ज्योति काठगोदाम, चन्द्रशेखर आर्या उर्फ स्व. आनन्द प्रशाद निवासी बागजाला गौलापार काठगोदाम, संजय आर्या पुत्र रमेश चन्द्र आर्या निवासी वागजाला काठगोदाम, हृदयेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र आर्या निवासी दमुवाढूगां थाना काठगोदाम, महेश चन्द्र आर्या पुत्र लीलाराम आर्या निवासी हाईडिल गेट, काठगोदाम व अफसर उर्फ मल्लू पुत्र हाजी मो. तैयब निवासी बागजाला शामिल हैं।

# प्रेस क्लब का चुनाव और होली मिलन कार्यक्रम 6 मार्च को

गदरपुर( उद संवाददाता)। पत्रकारों की प्रतिष्ठित संस्था प्रेस क्लब गदरपुर रजि. का चुनावी प्रक्रिया व होली मिलन समारोह 6 मार्च को गदरपुर के एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जाएगा प्रेस क्लब गदरपुर अपने सभी पत्रकार सदस्यों के साथ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन का कार्यक्रम व चुनावी प्रक्रिया को 6 मार्च को मना रहा है जिसमें प्रेस क्लब से जुड़े सभी सदस्य को निमंत्रण दिया गया है वर्ष में एक बार होने वाले होली मिलन को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है प्रेस क्लब गदरपुर में होने वाले होली मिलन कार्यक्रम व चुनावी प्रक्रिया में नई कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे वर्तमान प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि नए सदस्य भी जो पत्रकार साथी हैं वह हमारे प्रेस क्लब परिवार में वैध दस्तावेज लेकर शामिल हो सकते हैं और सदस्यता ले सकते हैं।

# वार्ड नंबर 9 से सलीम बाबा ने सभासद पद की ठोकी दावेदारी

गदरपुर। आने वाले नगर निकाय चुनाव में गदरपुर वार्ड नंबर नो इस्लाम नगर



से सलीम बाबा ने सभासद पद की दावेदारी ठोकी है समाजसेवी सलीम बाबा ने अपने एक बयान में बताया है कि वार्ड वासियों का प्यार मिल रहा है अगर ऐसे ही वार्ड वासियों का प्यार मिलता रहा तो आने वाले चुनाव में वार्ड नंबर 9 से सभासद पद का चुनाव लड़ूंगा और वार्ड वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा सलीम बाबा ने बताया कि उनके वार्ड में हर धर्म के लोग निवास करते हैं और लगभग सभी धर्मों का प्यार और विश्वास अभी से मिलने लगा है उन्होंने बताया की मैंने यह दावेदारी भी अपने मन से नहीं की है बल्कि वार्ड वासियों का कहना है कि मैं यहां से चुनाव लड़ूं उसी के आधार पर मैंने सभासद पद की दावेदारी की है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
05944-246817

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# आदिवासी समाज का उत्थान कर रही सरकार : धामी

## उत्तराखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय थारू सम्मेलन आयोजित

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा स्थित थारू विकास भवन में उत्तराखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय थारू सम्मेलन 2023 में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य जनजाति महोत्सव का आयोजन जो प्रतिवर्ष किया जाता है उसके लिये उत्तराखण्ड जनजाति शोध संस्थान से धनराशि दी जायेगी। खटीम जनजातिय खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष जनजातिय युवा खेल महोत्सव आयोजित किया किये जाने व ग्राम पहेनिया में देवा पोषक शारदा नहर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण किया जायेगा तथा ग्राम लामाखेड़ा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि थारू समाज, हमारे लिए एक परिवार की तरह है और थारू समाज के उत्थान और कल्याण के लिए हमारी सरकार दिन रात कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार का मानना है कि थारू समाज का मजबूत और आत्म निर्भर बनना हमारे देश और प्रदेश की उन्नति के लिए परम आवश्यक है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के मूल मंत्र को लेकर कार्य रही है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने ही थारू समाज को उसका हक दिलाने का कार्य किया था और आज मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार थारू समाज सहित सभी जनजातियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारें, 70 सालों में गरीबों का खाता नहीं खोल पाई, उनके जमाने में गरीब आदमी बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच सकते थे अब जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रत्येक गरीब का बैंक में खाता खुलवा दिया तो अब वही लोग उनके खातों में पैसे जमा करने का वादा कर रही है।हम विकसित उत्तराखंड का जो विकल्प रहित संकल्प लेकर चल रहे हैं उसकी सिद्धि के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि हमारा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जब हम सभी वर्ष 2025 में राज्य का रजत जयंती वर्ष मना रहे होंगे, तब हम सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के सपने को साकार होता हुआ देखेंगे। उन्हे प्रसन्नता है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति इस संकल्प की पूर्ति के लिए सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है। आज इस महासम्मेलन में आपका यह मुख्यसेवक आपको विश्वास दिलाता है कि मेरी सरकार उत्तराखंड में थारू समाज के विकास के लिए दिन-रात कार्य करती रहेगी। उन्होने नेपाल, बिहार, यूपी, धारचूला, मुनस्यारी, जौनसार, गदरपुर आदि कोने-कोने से आये थारू, बुक्सा, जौनसारी, आदिवासी लोगों का अभिनन्दन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने थारू समाज के साथ होली खेली व होली की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने खटीमा में उत्तराखण्ड जनजाति एवं अन्तर्राष्ट्रीय थारू सम्मेलन 2023 के आयोजन हेतु शुभकामनाएं व बधाई दी। श्री भट्ट ने नेपाल देश से आये थारू समाज के लोगों का अभिनंदन करते हुये बधाई दी। उन्होने कहा कि नेपाल से हमारा वैसे भी रोटी-बेटी का रिस्ता है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व धामी जी के नेतृत्व में सभी वर्ग क्षेत्र के लिये कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर नेपाल देश से आये पूर्व कैबिनेट मंत्री नारद मूनि, कृपा राम राणा, विधायक गोपाल सिंह राणा, थारू राणा परिषद के अध्यक्ष श्री दान सिंह राणा, नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष सोनी राणा, अन्तर्राष्ट्रीय थारू राणा परिषद के अध्यक्ष श्री दीप नारायण, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी आदि उपस्थित थे।





# पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों ने होली मिलन में मचाई धूम

## अबीर गुलाल संग फूल बरसाकर खेली होली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पुलिस वाइव्स वैलफेयर एसोशिएसन के तत्वाधान में पुलिस लाईन नैनीताल के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 अकलकनन्दा अशोक अध्यक्ष उपवा उत्तराखण्ड एवं श्रीमती हेमा बिष्ट जिलाध्यक्ष उपवा की उपस्थिति में अबीर गुलाल एवं फूलों संग महिलाओं एवं बच्चों ने खूब होली खेली। कार्यक्रम में सांसद रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं क्षेत्र की विधायक श्रीमती सरिताआर्या भी उपस्थित रहे जिन्होंने पुलिस परिवार को अपने वक्तव्य में होली की शुभकानाओं के साथ पुलिस का मनोबल ऊंचा किया। पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के साथ-साथ महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी मंच में अपनी प्रतिभा का सुन्दर प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। होली मिलन समारोह में पकवान की खुशबू, बैठकी होली होली की रंगत, स्वॉग से हॅसी के ठहाके, नृत्य में तालियों की गॅूज एवं नन्हें बच्चों की राधा-कृष्ण के अभिनय से कार्यक्रम में समॉ बॉध दिया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कई प्रतियोगिताओं का




आयोजन किया। हल्द्वानी एवं नैनीताल की बैठकी होली में हल्द्वानी की टीम ने प्रथम स्थान, नैनीताल ने द्वितीय स्थान तथा पकवान में श्रीमती जानकी भण्डारी ने प्रथम, श्रीमती ममता नैयर ने द्वितीय एवं श्रीमती बीना टम्टा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ0 अलकनन्दा अशोक द्वारा उत्साहवर्द्धन हेतु विजेताओं एवम सभी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।उन्होंने अपने संबोधन में सभी को होली की शुभकामनाएँ देकर कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। उपवा लगातार आत्मनिर्भर बनने हेतु समय-समय पर कई प्रशिक्षण करा रही हैं। सभी महिलाएं अधिक से अधिक प्रतिभाग कर लाभ प्राप्त कर स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनें। मुख्य अतिथि एवं सभी महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य से माहौल को और भी रंगीन कर दिया। सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई देते हुए साथ में इस पर्व में खुशियॉ बॉटी।कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती विभा दिक्षित उपवा नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी नैनीताल, प्रतिसार निरीक्षक भगवन सिंह राणा, थानाध्यक्ष तल्लीताल रोहिताश सागर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।संचालन श्रीमती शालिनी मेहता, उनि कुमकुम धानिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम मेंनगर के महिलाएं एवं पुलिस अधीक्षक नगर एवम क्षेत्राधिकारी की धर्मपत्नी सहित पुलिस परिवार की महिलायेंएवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सुभाष हाउस ने जीती क्राफ्ट प्रतियोगिता

## ईएलपीएस में क्राफ्ट प्रतियोगिता सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आवास विकास स्थित ई० एल० पी० एस० में इन्टर हाउस क्राफ्ट प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसके अन्तगर्त विद्यालय के चारों सदन रविन्द्रनाथ टैगोर हाउस, गाँधी हाउस, नेहरू हाउस व सुभाष हाउस ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता सुभाष हाउस, द्वितीय विजेता टैगोर हाउस एवं तृतीय विजेता नेहरू हाउस रहा। जिसमे विधार्थियों ने अपनी-अपनी



कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्री मती सुमन व्यास और उनकी सहयोगी श्रीमती कविता के द्वारा इण्टर हाउस क्राफ्ट प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्री गती सिंदर बीर ने सबके योगदान की प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता मे गीता वर्मा, अमीर बानो, मेघा शर्मा, जिगर प्रीत, सुप्रीत कौर, अंजली, मुस्कान, वर्षा गंगवार, चन्दा मदाव, यांशिका विष्ट, दुर्गेश बाबू ने सराहनीय योगदान दिया।

# राज्यपाल ने आर्ट गैलरी का किया अवलोकन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को वसंतोत्सव-2023 के अवसर पर राजभवन में लगी आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। इस



अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं। वसंतोत्सव के अवसर पर इस तीन दिवसीय आर्ट गैलरी में उत्तराखण्ड के चित्रकारों में मुख्य रूप से युवा ने उत्तराखण्ड के ग्रामीण जीवन, महिलाओं, लोक परंपराओं तथा संस्कृति से संबंधित पेंटिंग्स, फोटोग्राफी, स्केच आर्ट के फोटोग्राफ्स लगाए थे। उन्होंने सभी चित्रकारों तथा फोटोग्राफरों से बातचीत की तथा उनकी बेहतरीन कलाकारी व पेंटिंग्स के लिए उत्साहवर्धन किया।राज्यपाल ने कहा कि चित्रकारों तथा फोटोग्राफर्स को राज्य की ग्रामीण संस्कृति, सामाजिक जीवन तथा पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन से संबंधित पेंटिंग्स तथा फोटोग्राफ्स बनाया जाना सराहनीय प्रयास है इन सब को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ले जाकर उनका दुनिया से परिचय कराना चाहिए। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कई चित्रकारों की उत्तराखण्ड से संबंधित पेंटिंग्स खरीदकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने वसंतोत्सव में लगे औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण भी किया और जानकारी प्राप्त की। वसंतोत्सव के दौरान आज विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जानकारियां उपलब्ध करायी गयी। वहीं पुष्प उत्पादकों व पुष्प क्रेताओं के मध्य सीधे सामन्जस्य स्थापित करने हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक बोर्ड द्वारा क्रेता-विक्रेता सभा का आयोजन भी इस दौरान किया गया। वसंतोत्सव के दूसरे दिन आज लोगों में काफी उत्साह दिखा और इस अवसर पर भारी संख्या में लोग वसंतोत्सव को देखने पहुंचे।



# वसंतोत्सव में सांस्कृतिक संध्या की धूम

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शनिवार को राजभवन में वसंतोत्सव-2023 के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक सन्ध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उप्रेती बहनों, ज्योती व निरजा उप्रेती का गायन आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने वसंत और होली पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किए। जिनमें 'आज बिरज में होली रे रसिया', 'होली कैसे खेलूं री मैं सांवरिया के संग', 'उड़ जायेगा रे हंस अकेला, जीवन दो दिन का मेला' शामिल थे। सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रमों की श्रृंखला में भातखण्डे संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने कृष्णलीला और होली पर आधारित कथक नृत्य प्रस्तुत किए जिसका उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, हंस फाउंडेशन की प्रमुख माता मंगला एवं भोले जी महाराज, निदेशक उद्यान डॉ एच एस बावेजा, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाबा ने बुलाया है दरबार हमें जाना है

## होली के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में होली के उपलक्ष्य मेंश्री बालाजी महाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशालभंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजनसुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वादप्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने साहिल कुमार ने वीर हनुमान अति बलवाना, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, रोहन भटनागर ने देना हो तोदीजिए, साहिल कुमार ने दुनिया में देव हजारो हैं, नन्हे सैनी ये द्वार तेरा बाबा दुखियों का सहारा है, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझकोसमझना, अंकुर भटनागर ने मेरी लाज रखना बालाजी, विशाल मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बन जाए बिगड़े काम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा कापच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की केवल पाठक, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, गोविंद ग्रोवर, मेघराज, माधव अग्रवाल, भजन लाल, शेखरचंद्रजोशी, जीवन कुमार, अंश अरोरा, माधव खुराना, अजय जायसवाल, विपुल कुमार, जग बहादुर गौतम, सामन्त सिंह, मनीष छाबड़ा, मयंक बंसल, महेंद्र खन्ना, साहिल खन्ना, मंगल सिंहगढ़िया, गुलशन नारंग, राजीव अनेजा, हरीकृष्ण चुघ, सोनू कक्के, राजकुमार नारंग, कन्हैया लाल, हिम्मत राम गुप्ता, हेमंत पांडेय, अमनश्रीवास्तव, राजपाल अरोरा, दीपु सैनी, सुरेंद्र चावला, शंकर लाल गुप्ता, चंद्र पाल सिंह, आर के रस्तोगी, आर सी खन्ना, सुनील शर्मा, अशोक कालरा, जे सी दत्ता, प्रीतम अरोरा, वरुण अनेजा, कालू राम, विजय गंगवार, आशु







चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवंभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जीकी आरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी काभक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने तुमने ही बुलाया है दरबार मेंआया हूँ, हरीश ठुकराल ने बाबा ये तेरा दरबार करता सबका बेड़ा पार, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना हैं, जयप्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला जापू तेरी माला, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा केजयकारे, अजय जायसवाल ने राम प्रभु पर विपदा आयी कौन बना रखवाला मेरे बजरंग बाला, विजय शास्त्री ने तेरे हवाले मेरी गाड़ी तूजाने तेरा काम जाने, पवन खेड़ा ने मेरी कुटिया के भाग आज खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, आशु झाम ने आज तो कैलाश माही बाज रहेडमरू, अमित नारंग सिमरन करले सिमरन करले, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, शिव कुमार, अमन श्रीवास्तव, रोहन भटनागर, जयप्रकाश गर्ग, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, बंसल, प्रदीप कालरा, सचिन शर्मा, भीमसेन, राम चरण सिंह, पवन कुमार, अमित नारंग, तुषार गर्ग, राहुल अग्रवाल, श्याम लाल कालरा, गुड्डू राम, भगवान दास, अशोक गर्ग, अनमोल तनेजा, रामप्रकाश नारंग, पवन अग्रवाल, राजू गोयल, अमित शर्मा, मोहित अरोरा, जीतू अरोरा, वैभव गगनेजा, राम चरण सिंह, धीरज शर्मा, कृष्ण छाबड़ा, मदन लाल ग्रोवर, रवि गगनेजा, नितिन रस्तोगी, माधवझाम, आशु झाम, पंडित गोस्वामी जी, हरीश ठुकराल, पारस अग्रवाल, सुरेश मित्तल, दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, नन्हे सैनी, संदीपअग्रवाल, आलोक, रामप्रकाश नारंग, अभिजीत सिंह, केसर पाहवा, रवींद्र चौहान, सुमित बब्बर, गोविंद ग्रोवर, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# कमिश्नर ,विधायक और मेयर ने होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचकर बढ़ाई रौनक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, हल्द्वानी



विधायक सुमित हृदयेश व मेयर डॉ जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने मौजूद रहकर खूब रौनक लगाई। कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत ने जहां होली के गीत गाए तो वही विधायक और मेयर सहित अन्य अधिकारियों ने होली के गानों में जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने शिरकत की। इस दौरान देहरादून के जिलाध्यक्ष योगेश राणा सहित शहर के कई पत्रकार मौजूद रहे। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र बिष्ट और महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी पत्रकारों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, पीसीएस अधिकारी हरवीर सिंह, एसडीएम मनीष कुमार, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय सहित एसपी क्राइम डॉ जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी और कोतवाल हरेंद्र चौधरी सहित कई अधिकारी भी पत्रकारों के साथ होली के रंगों में सरोवार दिखे।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष तारा जोशी, प्रदेश सचिव मनोज आर्य, जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष हर्ष रावत, नगर महामंत्री दीपक अधिकारी, गोविंद बिष्ट, पुष्कर अधिकारी, भावनाथ पंडित, नवीन सक्सेना, दीप बेलवाल, राहुल सिंह, भानू जोशी, समीर बिसारिया, मुकेश सगता, पंकज पांडे, शेर अफगन, डॉ ए एन तिवारी और नागेश दुबे सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।




# मंजरी फाउण्डेशन एवं हिन्दुस्तान जिंक ने मनाया महिला दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंजरी फाउण्डेशन एवं हिन्दुस्तान जिक ओद्यौगिक संस्थान द्वारा दिनेशपुर रोड स्थित छत्तरपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व सखी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी युगल किया। कार्यक्रम सरस्वती वन्दना के साथ विभिन्न प्रकार के सांसकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गयां। उन्होने कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओं को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। उन्होने कहा कि महिलाऐं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होने कहा कि हमारे संविधान ने भी हमेंसमानता का आधिकार दिया है। उन्होने कहा कि मंजरी फाउण्डेशन द्वारा चलाये जा रहे कम्पेनिंग रुमउइतंबममुनपजल अर्थात समाज में एक समान हिस्सेदारी को स्वीकार करना एक सराहनीय पहल है। उन्होने कहा कि (मुनपजल) हिस्सेदारी को आत्मसात उस लक्ष्य को पाने में महिलओं की मदद करें। उन्होने कहा कि हम सब के छोटे-छोट प्रयासों से यह समय कम हो सकता है।उन्होने बताया कि 1980 में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत हुई थी जिसके कारण आज हम सब यहां कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं। उन्होने कहा उन्होने कहा कि आज के दिन हम सब मिलकर प्रण लेते हैं कि महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए निरन्तर कार्य करते रहेंगे। उन्होने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। की प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं खरीददारी भी की। आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि श्रीमती मोनिका पंत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानााचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पंतनगर विवेक गौतम, हिन्दुस्तान जिंक लि0 के प्लांट हेड







किशोर पंत की पत्नी श्रीमती मोनिका पंत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्रीमती मोनिका पंत ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। हिन्दुस्तान जिंक लि0 कम्पनी के प्लांट हेड दीप कुमार अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यातिथि का स्वागत महिलाओं को जीवन में जो चुनौती मिलती है महिलाऐं उन्हे बखुबी से निभाती है। उन्होने कहा कि हमें चुनौतियों से घबराना नही चाहिए, बल्कि उसका धैर्य से सामना करना चाहिए। उन्होने कहा कि एक समानता का अर्थ हम सबको ज्ञात है और करते है। उन्होने कहा कि समानता तो सबको एक समान मिल गई लेकिन लक्ष्य पाने के लिए जो अवसर हमें दिये जाते है उसको पाने के लिए हर किसी की परिस्थितियां अलग-अलग हैं। हर एक की शुरूआत एक तरह से नहीं होती है, तो हम कि इसी तरह अगर आज हम सब बातचीत करेंगे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। उन्होने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति हम सबको जागरूक होना चाहिए तभी समाज को एक नई दिशा मिलेगी। श्रीमती पंत ने सखी फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं द्वारा निर्मित अचार एवं दाइची दो उत्पादों का शुभारंभ किया।इस दौरान श्रीमती मोनिका पंत ने स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों दीप कुमार अग्रवाल, गो0ब0पन्त कृषि विश्वविद्यालय के शोध निदेशक डॉ0 ऐ0एस0 नैन, प्रोफेसर डॉ0 एस0सी0 त्रिपाठी, डॉ0 अनिल कुमार यादव, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 एस0बी0 पाण्डेय, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

लोकतंत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में, इससे संबंधित कानून बनने तक, एक तदर्थ व्यवस्था दी है। इस व्यवस्था का स्वाभाविक ही स्वागत किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और विपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता की सलाह से राष्ट्रपति द्वारा किया जाए। अभी तक इनकी नियुक्ति सरकार की पसंद से ही की जाती रही है। दरअसल, संविधान में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर कोई प्रक्रिया नहीं सुझाई गई है। इस तरह सरकार ही अपनी पसंद के नाम इस पद के लिए सुझाती रही है, जिस पर राष्ट्रपति की मंजूरी मिल जाती रही है। मगर पिछले कुछ सालों से चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर अंगुलियां उठती रही हैं। मांग की जा रही थी कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए भी कालेजियम जैसी कोई व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। करीब पांच साल पहले कई याचिकाएं दायर की गई थीं। उन पर विचार करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यों की संविधान पीठ ने एकमत से स्वीकार किया कि इस मामले में कानून बनाया जाना चाहिए। जब तक कानून नहीं बन जाता, तब तक संविधान पीठ द्वारा तय प्रक्रिया का पालन किया जाए। लोकतंत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसे सुनिश्चित कराना निर्वाचन आयोग का दायित्व है। मगर अनेक मौकों पर आरोप लगते रहे हैं कि निर्वाचन आयोग पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाता और कार्रवाई करता है। इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर ऐसे व्यक्ति को बिठाने की मांग की जाती रही है, जो खुद निष्पक्ष हो। चुनाव आयुक्त के कामकाज पर अंगुलियां इसलिए भी उठती रही हैं कि उनकी नियुक्ति चूंकि सरकार की इच्छा से होती है, इसलिए माना जाता है कि उनका झुकाव सरकार के प्रति होता है। हालांकि कई ऐसे मौके भी देखे गए हैं, जब कुछ मुख्य चुनाव आयुक्तों ने सरकार के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार किया। मगर इस बार विवाद इसलिए गहरा हो गया कि वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में जिस तरह सरकार ने हड़बड़ी दिखाई और नियुक्ति संबंधी जरूरी प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया, वह हैरान करने वाला था। उन्होंने रातोंरात अपने पद से इस्तीफा दिया और चौबीस घंटे के भीतर उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इस पर स्वाभाविक ही आपत्तियां दर्ज कराई गईं। तब सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से पूछा था कि उसे ऐसी क्या हड़बड़ी थी कि बिजली की रफ्तार से यह नियुक्ति करनी पड़ी। अभी सर्वोच्च न्यायालय ने जो व्यवस्था दी है, उसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सरकार के लिए अपनी पसंद थोपना आसान नहीं होगा। इसमें विपक्ष या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता और प्रधान न्यायाधीश की भागीदारी होने से सरकार भी ऐसे नामों का चुनाव करने से बचेगी। फिर, अभी तक जिन नियुक्तियों में विपक्ष के नेता की मौजूदगी अनिवार्य होती है। पर सरकार इस तर्क के आधार पर विपक्ष को उनमें शरीक नहीं करती रही है कि संवैधानिक नियमों के तहत किसी भी ऐसे दल के पास पर्याप्त संख्या न होने की वजह से विपक्ष का कोई नेता नहीं है, वह तर्क भी इसमें काम नहीं आने वाला। अदालत ने कहा है कि सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को इसमें शामिल करना होगा। इस तरह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में पारदर्शिता का भरोसा बना है।

# पूरी दुनिया तक जाए योग महोत्सव की गूंज:राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। ऋषिकेश मुनि की रेती स्थित गंगा रिजॉर्ट में आयोजित सात दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव' के चौथे दिन शनिवार सुबह राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रथम सत्र में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने प्रथम सत्र में आयोजित योग कक्षाओं का भी निरीक्षण किया एवं योग प्रशिक्षकों से विभिन्न आसनों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2023 के आयोजन हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज समेत पर्यटन विभाग को इस आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि इस योग महोत्सव की गूंज पूरे विश्व तक जानी चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि ऋषिकेश इस दुनिया में योग, ध्यान, साधना के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि योग मन, मस्तिष्क और आत्मा को जोड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग एक विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया इस रोग से ग्रसित थी तब योग एवं प्रणायाम ने ना सिर्फ मानव प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम किया बल्कि लोगों को आत्मबल भी दिया। उन्होंने कहा कि योग से मनुष्य को ना सिर्फ शारीरिक रूप से मजबूती मिलती है बल्कि इससे मानसिक रूप से भी शांति मिलती है।राज्यपाल ने कहा कि भारत में योग, साधना, संस्कृति का आपस में बेजोड़ संबंध है उन्होंने कहा कि संस्कृत शब्द का अर्थ सांसों के कृत है, यानी कि प्रणायाम के दौरान जब संस्कृत के शब्दों का प्रयोग करते हैं तो हमारे मन मस्तिष्क और आत्मा को शांति प्रदान होती है। राज्यपाल ने पर्यटन विभाग को योग महोत्सव का सोशल मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करने करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है जहां एक ओर भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है वही भारत के अनुरोध पर यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि भारत योग की शक्ति का प्रमाण पूरा विश्व देख चुका है इसीलिए भारत के अनुरोध पर हर वर्ष 21 जून को विश्व योगा दिवस मनाया जाता है।सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने राज्यपाल को आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान योग विशेषज्ञ दिलराज प्रीत कौर एवं डॉ. प्रिया अहूजा ने विभिन्न योगासनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान पद्मश्री डॉ. रजनीकांत, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुनील जोशी समेत बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।





# ट्रंचिंग से उठता धुआं बन रहा जानलेवा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।गोला पार बाईपास स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में आए दिन आग लगती रहती है यहां पर आग लगने के कारण जहरीला धुआं उठता रहता है। इस जहरीले धुऐ से खासतौर से गोला पार, वार्ड 59, वार्ड 60, बनभूलपूरा, इन्द्रानगर की आबादी प्रभावित हो रही है। इस सन्दर्भ में वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने केवल आश्वासन दिया जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया। इससे यहां के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। पार्षद रईस अहमद ने कहा कि उक्त धुऐ की वजह से बुढ़े बुजुर्गों में दमे की बीमारी बढ़ रही है, गर्भवती महिलाओं छोटे छोटे बच्चे भी प्रभावित हो रहें हैं। श्री अहमद ने आगे कहा कि अगर जल्द से जल्द ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी आग को बुझाया ना गया व इस जहरीले धुऐ से निजात नहीं दिलाई गयी तो जनता द्वारा एकजुट कर उग्र आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

# श्रीमद् भागवत कथा 12 मार्च से

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड़, रेड रोज कान्वेन्ट स्कूल निकट स्थित श्री अद्धैत स्वरुप अंनत आश्रम में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारम्भ 11 मार्च से प्रारम्भ होगा जो 18 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर नगर क्षेत्र में 11 मार्च को एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए कमेटी अध्यक्ष एवं समाजसेवी अशोक बजाज ने बताया कि श्री सदगुरु देव भगवान, श्री स्वामी जी महाराज जी की असीम अनुकम्पा से परम श्रद्धेय सन्त प्रकाश पुरी जी महाराज, परम श्रद्धेय सन्त बाबा अगम पुरी जी महाराज (कुरुक्षेत्र) जी के ममतामयी सानिध्य एंव आशीर्वाद से श्री अद्धैत स्वरुप अनन्त आश्रम में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्री बजाज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ से पूर्व 11 मार्च को प्रात: 9 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा पुरातन श्री शिव मंदिर से प्रारम्भ होगी जो आश्रम में पहुंचेगी। यहां पर क्लशो को स्थापित किया जाएगा। 12 मार्च से प्रतिदिन सायं 3 बजे से सायंकाल 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। 18 मार्च को प्रात 10 बजे कथा का समापन और 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परम स्नेही सन्त बाबा अगमपुरी जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा। उसके उपरान्त विशाल भडारा होगा। श्री बजाज ने नगर व क्षेत्र के लोगों से इस ज्ञान महायज्ञ में पहुंचकर अपने जीवन को सफल बनायें।

# डीएम ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने 13 डिस्ट्रीक 13 डेस्टिनेशन योजना के तहत जनपद पिथौरागढ़ के मड़ क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा 2.16 करोड़ की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऐई ग्रामीण निर्माण विभाग नीरज ओली ने बताया कि 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के मड़ क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है।जिसमें पशुपतिनाथ में बनाए जा रहे योगा सेंटर का कार्य, मड़ में बनाए जा रहे 800 मीटर ट्रैकिंग रूट के इंटर लॉकिंग का कार्य पूर्ण हो गया है और टाइल्स भी बिछ गई हैं। इसके अतिरिक्त गजीबों, किओस्क का निर्माण कार्य व नोले के रिनोवेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। लैंड स्केटिंग और कैफे का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी रीना जोशी ने निर्माण कार्य को संतोषजनक बताया और उन्हें निर्देश दिए कि तत्काल कैफे निर्माण का कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त नोले की सफाई करने और जन जागरूकता के लिए नोले के पास पानी को उबालकर पीने का संदेश लिखने के साथ ही पशुपतिनाथ परिसर में स्थित गेट पर पशुपतिनाथ का नया बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेई दीपक कुमार, तहसीलदार पंकज चंदोला, व्यक्तिक सहायक जिलाधिकारी अमित कुमार आदि अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# जागरूकता चौपाल में ग्रामीणों को दीं कई जानकारियां

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष चौखुटिया ने राजस्व क्षेत्र से थानाक्षेत्र में सम्मिलित गांव में जागरुकता चौपाल आयोजित की गई जिसमें यातायात नियमों,साइबर,महिला सुरक्षा, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार ने राजस्व पुलिस क्षेत्र से स्थानांतरित होकर थाना चौखुटिया में सम्मिलित ग्राम सिरौली के राजीव गांधी पंचायत भवन में स्थानीय जनता के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान दी गई। सभी को स्थानीय स्तर पर होने वाले अपराधों की सूचना राजस्व पुलिस के स्थान पर थाना चौखुटिया को देने के लिए अवगत कराया गया। गोष्ठी में शामिल समस्त व्यक्तियों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराकर क्षेत्र में नशे की सामग्री बेचने वाले व्यक्तियों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों से अवगत कराकर बिना हेलमेट वाहन न चलाने, बिना सीट बेल्ट वाहन न चलाने, नशे में वाहन न चलाने व मोबाइल पर बात करते हुए खतरनाक तरीके से गाड़ी न चलाने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर क्राइम से संबंधित अपराधों से बचाव के लिए विस्तार से बताया गया एवं किसी व्यक्ति के साथ साइबर क्राइम से संबंधित घटना होने पर सूचना तुरंत डायल 1930 पर शिकायत करने के लिये बताया गया। उत्तराखंड पुलिस एप में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उपस्थित महिलाओं को गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा महिला कांस्टेबल द्वारा गोष्ठी में उपस्थित महिलाओं का गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन कराया गया तथा थाना चौखुटिया के महिला हेल्प डेस्क के मोबाइल नंबर 9258199294 के बारे में भी अवगत कराया गया। गोष्ठी में उपस्थित लोगों को किराएदार को बिना सत्यापन किराए पर न रखने, होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस थाना क्षेत्र में सम्मिलित नए गांव में पुलिस के हेल्प लाईन नम्बरों से अवगत कराने के लिए हेल्प लाईन नम्बरों से सम्बन्धित अपनी पुलिस को जाने का बोर्ड गांव में स्थापित किया गया।



# कांग्रेस नेताओं ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में भेदभाव और पक्षपात किए जाने के विरोध में तमाम पार्षदों ने महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयर पर्सन श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को विकास भवन में मुख्य नगर अधिकारी और सीडीओ विशाल मिश्रा से मुलाकात की और अपनी समस्या से संबंधित एक ज्ञापन दिया। इस अवसर पर निगम पार्षद सुशील मंडल प्रीति साना राजेश कुमार कैलाश राठौर बबीता बैरागी के प्रतिनिधि मानस बैरागी मोहन भारद्वाज सौरभ शर्मा सहित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे। इधर मुख्य नगर अधिकारी विशाल मिश्रा ने कांग्रेस के शिष्टमंडल को आश्वस्त किया की वह मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करेंगे।



# कार में अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद,चालक फरार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सोमेश्वर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर कापीछा करने के बाद तस्कर कार में अंग्रेजी शराब की पेटियां छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार सीओ सोमेश्वर ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में रात्रि को थानाध्यक्ष विजय नेगी के नेतृत्व में सोमेश्वर पुलिस होली के त्यौहार के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कोसी पुल से हवालबाग जाने वाले तिराहे पर कार संख्या यूके 01 6689 को रोकने का इशारा किया गया तो चालक ने कार को तेज रफ्तार से हवालबाग की तरफ दौड़ा दिया। शक होने पर पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा किया गया। हवालबाग मोड़ पर चालक वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। कार की तलाशी लेने पर 14 पेटियों में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत 84 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी, उपनिरीक्षक धरम सिंह, विवेचक हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह, हेड कांस्टेबल हर्ष पाल शामिल थे।



# सात मार्च को होलिका पूजन और दहन का शुभ मुहूर्त

देहरादून। इस साल होलिका दहन सात मार्च और रंगों की होली आठ मार्च को होगी। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, फाल्गुन पूर्णिमा के दिन प्रदोष काल में होलिका दहन होता है। उसके अगले दिन चौत्र कृष्ण प्रतिपदा को होली खेली जाती है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि 6 मार्च मंगलवार को शाम 4.17 बजे शुरू होगी। पूर्णिमा तिथि का समापन 7 मार्च बुधवार को शाम 6.09 बजे होगा।दोनों ही दिन प्रदोष काल पूर्णिमा तिथि में रहेगा। ऐसे में लोगों को असमंजस था कि होलिका दहन छह मार्च को करें या सात मार्च को। लेकिन इस साल होलिका दहन की तिथि पर सुबह के समय भद्रा रहेगी। इसलिए ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 7 मार्च को शाम 6.24 बजे से रात 8. 51 बजे तक होगा। शिव उपासना धर्मार्थ ट्रस्ट के संस्थापक एवं निरंजनी अखाड़े के स्वामी रामभजन वन महाराज के मुताबिक, पंचांग के अनुसार 7 मार्च को होलिका दहन के लिए 2 घंटे 27 मिनट का मुहूर्त है। इस अवधि में होलिका पूजन और दहन किया जाएगा। होलिका दहन के अगले दिन रंगो का त्योहार मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित विजेंद्र दत्त के मुताबिक 8 मार्च को चौत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि शाम 7.42 बजे तक है। इस अवधि में रंग खेलना शुभ रहेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित विजेंद्र दत्त का कहना है कि शास्त्रों के मुताबिक, भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को आग में जलाकर मारने के लिए उसके पिता हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को तैयार किया। होलिका के पास एक चादर थी, जिसको ओढ़ लेने से उस पर आग का प्रभाव नहीं होता था। इस वजह से वह फाल्गुन पूर्णिमा को प्रह्लाद को आग में लेकर बैठ गई। भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रह्लाद बच गए और होलिका जल गई। इस वजह से हर साल होलिका दहन किया जाता है और अगले दिन रंगों की होली मनाई जाती है।

# पीएम पोषण शक्ति निर्माण के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना बजट की ऑनलाई बैठक आयोजित

देहरादून। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पी०एम०पोषण) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्य योजना एवं बजट की ऑनलाइन बैठक समग्र शिक्षा ननूरखेडा देहरादून में आहूत की गई। बैठक में भारत सरकार द्वारा आवर्ती मद में केन्द्रांश मद में 12727.03 लाख, राज्यांश मद में 9359.63 लाख का बजट तथा अनावर्ती मद में केन्द्रांश मद में 348.17, लाख राज्यांश 38.69 लाख के बजट के साथ फ्लैक्सी फंड में 2174.11 लाख कुल 24647.64 लाख के बजट का अनुमोदन प्रदान किया। राज्य के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, मदरसों में अध्ययनरत कुल 604202 बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु बजट का अनुमोदन भी प्रदान किया गया। बाल वाटिका में नामांकित कुल 46186 बच्चों हेतु बजट में कुल 642.97 लाख की व्यवस्था की गई है। वर्ष 2023-24 के लिए 54 नवीन किचन कम स्टोर हेतु 1804 किचनों की मरम्मत तथा 73 विद्यालयों के लिए किचन उपकरणों को बदले जाने की स्वीकृति दी गई है। भारत सरकार द्वारा पी०एम०पोषण के अन्तर्गत सोशल ऑडिट विशेष भोज, भोजनमाताओं की पाक कला प्रतियोगिता को सराहा गया। साथ ही प्रदेश में पी०एम०पोषण के संचालन एवं क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सचिव श्री संजय कुमार, श्रीमती प्राची पाण्डे संयुक्त सचिव, निदेशक, पी०एम०पोषण, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार सुमित गुप्ता तथा राज्य का प्रतिनिधित्व श्री रविनाथ रामन, सचिव विद्यालयी शिक्षा, श्री बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

# साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह गत दिवस आयोजित किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने अपने पति गिरधारीलाल साहू के साथ साहू समाज के प्रथम सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।सभी को उन्हें अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से क्रियान्वित करने की बात कही। इस अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य करने बालिका व अन्य अतिथियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर



विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर जोगेन्दर पाल रौतेला, कार्यक्रम संयोजक हीरालाल साहू, साहू समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,वैश्य महासभा महामंत्री भावनी शंकर नीरज, जिला मंत्री विनीत अग्रवाल, रविन्द्र बाली मौजूद थे। संचालन महेश साहू एवं राजेश साहू हेमंत साहू ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में साहू समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कुर्मांचल परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

देहरादून। कुर्मांचल परिषद इन्दिरा नगर का होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिससे दर्शक वह आए हुए मेहमान झूमने को मजबूर हो गए। महिलाओं और बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम जैसे कुमाऊनी होली, जोड़ा नृत्य, छपेली, गीत नृत्य आदि प्रस्तुत किए। लोक गायक गिरीश सनवाल पहाड़ी व साथियों की प्रस्तुति पर बार-बार लोगों को नाचने



व होली का आनंद लेते नजर आए। साथ ही कुर्मांचल परिषद के होली समारोह में समाज में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए दस लोगों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नंदन सिंह बिष्ट जी ने सभी सम्मान प्राप्तकर्ताओं, मेहमानों तथा कलाकारों का मंच से अभिवादन किया। सचिव हरीश सनवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए भविष्य में भी सहयोग का आह्वान किया व कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति व भागीदारी के लिए धन्यवाद किया। समारोह में ऑर्गेनिक रंगों से होली खेली गई साथ सभी लोग पहाड़ी व्यंजनों का भी आनंद लेते नजर आए। इस अवसर पर समाज सेवी जोगेंद्र सिंह पुंडीर, रघुवर सिंह बिष्ट, कमल रजवार, डॉ0 अनिल मिश्रा, दिनेश पांडे, माधो सिंह, सुनिता भंडारी, भावना, शांति पंत, माधवी, आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गुमशुदा बालक परिजनों से मिलाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए लावारिस मिले एक बालक को उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को थानाक्षेत्र में कस्बा में पुलिस को 10 वर्षीय एक बालक लावारिस अवस्था में घूमता हुआ मिला जो अपना आधा-अधूरा पता बता रहा था तथा अपने घर ले चलने की बात कह रहा था। उक्त बालक से काफी देर तक बात कर उसके परिजनो के बारे में जानकारी एकत्रित की गयी तथा परिजनो की तलाश कर उनको सूचित किया गया। तत्पश्चात उक्त बालक के पिता सज्जाद निवासी मेहन्दी नगर थाना स्वार जिला रामपुर थाने आये तथा बताया कि यह उनका पुत्र हमजा है जो मदरसे में पढता है। आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पुलिस ने बालक को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द किया गया। जिनके द्वारा थाना दिनेशपुर पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# समाजसेवी प्रमोद गिलहोत्रा का निधन

गदरपुर। वरिष्ठ समाजसेवी और मोदी फैमिली रेस्टोरेंट दिनेशपुर मोड़ के स्वामी प्रमोद गिलहोत्रा उर्फ मोदी के आकस्मिक निधन पर तमाम गणमान्य लोगों ने शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गत दिनों उनके पार्थिव शरीर का मुक्तिधाम श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। विदित हो प्रमोद गिलहोत्रा का स्वास्थ्य अचानक गत दिनों खराब होने पर परिजनों द्वारा उन्हें रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया परंतु निरंतर उनके स्वास्थ्य में गिरावट आने के उपरांत गत दिनों उनका आकस्मिक निधन हो गया। जिस पर परिजनों द्वारा उनके शव का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया



कर गया स नगर के धार्मिक,सामाजिक, व्यापारिक,राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए परिवार को सांत्वना प्रदान की।

# कार व स्कूटी में शराब ले जाते दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से कार व स्कूटी में शराब तस्करी करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र के साथ गश्त कर रहे थे इसी दौरान कार संख्या यूके 06 एएफ 7776 अटरिया रोड से आती दिखाई दी। पुलिस को चैकिग करता देख कार चालक वाहन को वापस सिडकुल रोड की तरफ घुमाने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर चालक को वाहन के साथ पकड लिया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम पता राहुल थापा पुत्र नत्थू सिह निवासी फूलबाग, पंतनगर बताया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी मे दो पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। वहीं उपनिरीक्षक प्रदीप पंत ने कां. राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र के साथ गश्त करते विवेक नगर में स्कूटी पर सवार संदिग्ध युवक ब्रज किशोर उर्फ बृजेश यादव उर्फ बिरजू पुत्र लालता प्रसाद निवासी गली नम्बर 4 ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प उसकी स्कूटी संख्या यूके 06 एबी 9388 में रखे कट्टे से कुल 53 पव्वे मसालेदार शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बृजेश के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# निजी चिकित्सालय से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड़ स्थित निजी चिकित्सालय से अज्ञात वाहन चोर बाईक चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं। दर्ज रपट में अनुभव पाराशरी पुत्र स्व. उमाशंकर पाराशरी हाल निवासी संजय नगर खेडा, ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम चम्पतपुर, थाना भमौरा, तहसील आवला, जिला बरेली ने कहा है कि 28 फरवरी को सुबह उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 डी क्यू 1819 से किच्छा रोड स्थित निजी हॉस्पिटल पर गया और अपनी वाइक को हॉस्पिटल की पार्किंग में लॉक लगाकर खड़ा कर दिया। दवाई लेने हॉस्पिटल के अंदर चला गया। वापस पार्किंग में पहुंचा तो उसकी मोटर साईकिल वहां पर नहीं थी। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने घटना कि रपट ददर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पॉश कालोनी से साईकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग स्थित पॉश कालोनी से अज्ञात व्यक्ति घर के आगे खड़ी साईकिल चोरी कर ले गया। वजीर सिह पुत्र रामचन्द्र निवासी एलायइन्स किंगस्टन स्टेट ने कहा है कि 1 मार्च को अज्ञात चोरो द्वारा शाम उसके हाउस नंबर एफ 67 के सामने से उसकी साईकिल चोरी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

## पेज एक का शेष...

**विपक्ष के नौ नेताओं..**द्वारा शासित राज्यों में सरकार के कामकाज में राज्यपाल का हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसके कारण केंद्र और राज्यों के बीच दूरियां बढ़ रही है। पत्र में आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में राज्यपाल जानबूझकर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। पत्र के जरिए नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों की धूमिल हो रही छवि, उनकी स्वायत्तता और निष्पक्षता पर लगातार उठ रहे सवाल पर भी गहरी चिंता जताई है।

**उत्तराखंड प्रवास पर..**हुए ऋषिकेश की ओर रवाना हो गए।टेक्निकल मैनेजर राघव त्रिपाठी ने बताया कि केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सिक्स लेन एक्सप्रेस वे की तैयारियों का जायजा लिया। हमारा प्रयास रहेगा की 2025 तक एक्सप्रेस वे को तैयार कर लिया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इस दौरान टेक्निकल मैनेजर राघव त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रदीप गोसाईं, विजनल ऑफिसर सीके सिन्हा, केसीपीएल कम्पनी के सीनियर मैनेजर जीएल प्रसाद, साइट इंजीनियर नवीन रावत, हज समिति सदस्य राव काले खां, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुनीश सैनी,राव अजमत खां, आदित्य राज सैनी, हाजी राव इनाम, अजमल, एएसडीएम विजयनाथ शुक्ला, बहादराबाद थाना प्रभारी नितेश शर्मा, राजस्व विभाग अधिकारी अनुज यादव, रुड़की तहसीलदार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**उत्तरकाशी में ...**भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 12:45 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.5 थी। जिसका केंद्र तहसील भटवाड़ी के अंतर्गत सिरोर के जंगल में बताया जा रहा है। भूकंप से कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। वहीं श्रीनगर जम्मू कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

**गद्दे और इलेक्ट्रिक शोरूम..**आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर दल बल के साथ पहुँचे थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी ने दमकल विभाग को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। अग्निकांड की इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

**गौला नदी में..**कि पूरे सत्र तक बरेली रोड के क्रेशर द्वारा घ्33 रुपए तथा शांतिपुरी क्षेत्र के क्रेशर द्वारा घ्41 का रेट निर्धारित की सहमति जताई है ।जिसके बाद वाहन स्वामियों द्वारा वाहनों के संचालन किए जाने का फैसला लिया है। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट और गौला संघर्ष समिति के अध्यक्ष और संयोजक संयुक्त रूप से लालकुआं निकासी गेट का विधिवत शुभारंभ करेंगे जिसके साथ इस सत्र में गौला में खनन कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान बैठक में उपस्थित उपस्थित गोला संघर्ष समिति के अध्यक्ष जीवन कबडवाल , गेट अध्यक्ष प्रभारी मनोज बिष्ट ,पंकज दानू ,वीरेंद्र दानू ,मनोज दानू ,हरीश दानू ,हरीश गोस्वामी ,हरीश सुयाल ,मनीष बोरा, सुंदर शाह ,संजय कार्की, बलराज आगरी ,महेश गोस्वामी, पूरन बिष्ट , रविंदर कोरंगा, मनोज खोलिया एवं समस्त वाहन स्वामी उपस्थित रहे।

**सरकारी मुहर नहीं...**काम होने थे। लेकिन सेक्रेटरी बिना मुहर के ही बैठक में पहुंची। जिसके चलते बैठक को स्थगित कर दिया गया। उप प्रधान एवं सभासदों ने सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाया। उप प्रधान तापसी बढ़ाई के पति संजय बढ़ई ने बताया कि खुली बैठक में करीब 30 से 40 ग्रामवासी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जिसमें महिलायें भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि सचिव के मोहर लेकर बैठक में न पहुंचने पर फरियादियों को वापस लौटना पड़ा। वहीं सचिव मीनू आर्य ने आरोपों को गलत बताया है। नाराजगी जाहिर करने वालों में उप प्रधान तापसी बढ़ाई, सभासद शंकर हीरा, सुलेखा बाला, खुशबू दास, सविता बाईन, संभू बाईन, शिल्पी दास, आनंद सरकार, संजय बड़ाई, कंकन राय, संजय बढ़ाई, नगर मंडल, अमित सरकार आदि शामिल हैं।

**बेरोजगारों कोठगने वाले...**जाकर आनलाईन आवेदन पत्र भर दिया जाता और उसमें 700 रूपये शुल्क प्राप्त कर लिया जाता उसके कुछ दिन पश्चात सम्बन्धित युवक/युवती को अपने मूल डाक्यूमेन्ट जमा करने को कहा जाता और फिर मेल के माध्यम से सम्बन्धित युवक/युवती को फिजीकल एजुकेशन टीचर पद के लिये उपयुक्त बताकर ट्रेनिंग के लिये हरिद्वार स्थित एक आश्रम में उपस्थित होने के लिये कहा जाता था और उसके बाद उनसे परमानेन्ट सलेक्शन के लिये करीब 1.5 से 02 लाख रूपये का खर्चा बताकर यूथ एसोसिएशन के नाम से बने खाते के अलावा अपने खातों में पैसा जमा करा दिया जाता था। फिर युवक और युवतियों को कुछ दिवस की ट्रेनिंग देने के पश्चात् ज्वाईनिंग लेटर का इंतजार करने के लिये कहकर वापस भेज दिया जाता है लेकिन फिर दुबारा उन्हें कोई सम्पर्क नहीं किया जाता है। एसटीएफ द्वारा ठगी के शिकार हुये युवकों से पूछताछ करने पर ये बात भी सामने आयी कि इस गिरोह के द्वारा कई लोगों को भारतीय रेलवे विभाग, इनकम टैक्स विभाग और विदेष भेजने को लेकर भी ठगी की गयी है तथा फिजीकल एजुकेशन टीचर के नाम भर्ती करने लिये श्यामपुर स्थित एक आश्रम में युवकों को बकायदा पूरे 01 माह की ट्रेनिंग दी गयी है। जहां पर इस गिरोह के लोगों द्वारा एक ट्रेनिंग दिलाने नाम पर कुछ ट्रेनर भी रखे गये थे तथा ट्रेनिंग के दौरान ही युवक/युवतियों को खाते के नम्बर देकर उनसे करीब 02 लाख रूपये जमा करा दिये जाते थे। एसटीएफ ने अपनी जांच में भारतीय युवा खेल परिषद के बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि भारतीय युवा खेल परिषद के नाम से जारी बेवसाइट में आन लाइन फार्म में दिये जाने वाला रजिस्ट्रेशन शुल्क 700 रूपये आनन्द मेहतो के नाम से बने पेटीएम एकाउन्ट में जमा हो रहा है तथा इस एकाउन्ट में विगत 06 माह के अन्दर पूरे भारतवर्श के अलग अलग राज्यों से युवक और युवतियों द्वारा आन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया है तथा भारतीय युवा खेल परिषद के नाम से बेरोजगार युवकों से प्राप्त की जा रही धनराषि यूथ एसोषिएसन के नाम के खाते में जमा हुयी है,जिसका संचालक आनन्द कुमार मेहतो, श्रीमती राखी रानी और मनीष कुमार नाम के व्यक्ति हैं।इस खाते के अलावा युवक और युवतियों द्वारा दिये गये खातों की जानकारी की गयी तो विगत 06 माह में लगभग 55 लाख रूपये की धनराशि पायी गयी थी। जांच में इस गिरोह के आनन्द कुमार मेहतो, श्रीमती राखी रानी और मनीष कुमार के अलावा अन्य सदस्य योगेन्द्र कुमार योगेश, संजय रावत, राजकुमार उर्फ राजवरी, संदीप सिंह का नाम प्रकाष में आये। जिनमें से तीन सदस्य आनन्द मेहतो, योगेश और संजय रावत की कल रात गिरप्तारी की गयी है, उनके कब्जे से एक लैपटॉप, 03 मोबाईल फोन, भा0यु0खेल परिषद के बनाये हुये कई दस्तावेज आदि बरामद किये गये हैं। इनके विरूद्ध एसटीएफ द्वारा थाना श्यामपुर हरिद्वार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। गिरोह के सदस्यों के खातों के अलावा अन्य प्रकाष में आये खातों को फ्रिज करने हेतु एसटीएफ द्वारा कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य सदस्यों की गिरप्तारी हेतु धरपकड़ जारी है। गिरप्तारी अभियुक्तों मे आनन्द मेहतो पुत्र स्व0 हरिलाल मेहतो निवासी उर्दू बाजार भागलपुर बिहार हाल किरायेदार कीनू राणा, प्लॉट नं0 10, सेक्टर 22, चौड़ा गांव नोयडा (गिरोह का सरगना और भा0यु0खे0परि0 का प्रषासक) योगेन्द्र कुमार योगेश पुत्र कृष्णा देव प्रसाद निवासी डी-278 नई अशोक नगर बसुन्धरा एन्कलेव पूर्वी दिल्ली संजय रावत पुत्र मनवर सिंह म0नं0 301 जलालपुर रोड, राधेष्याम विहार, फेस-4, मुरादनगर गाजियाबाद( भा0यु0खे0परि0 का डाईरेक्टर) संजय रावत पुत्र श्री मनवर सिंह निवासी म0नं0 301 जलालपुर रोड, राधेष्याम विहार, फेस-4, मुरादनगर गाजियाबाद शामिल है। पुलिस टीम में निरीक्षक यशपाल सिंह,उ0नि0 विपिन बहुगुणा, उ0नि0 नरोत्तम बिष्ट,हे0कां0 देवेन्द्र मंमगाई, हे0कां0 प्रमोद, हे0कां0 विरेन्द्र नौटियाल, कां0 रविपन्त ,कां दीपक चन्दोला शामिल हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शिक्षा और संस्कार से होता है चरित्र निर्माण: सीएम

## शिक्षा भारती आदर्श स्कूल के वार्षिक समारोह में पहुंचे सीएम धामी

खटीमा (उद संवाददाता)।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर शिक्षा भारती आदर्श स्कूल के वार्षिक समारोह का शुभारम्भ दीप जलाकर कर किया। उन्होने शिक्षा भारती आदर्श स्कूल के वार्षिक समारोह के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि आशा करता हूं कि ये संस्थान सफलता के







नित- नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होने कहा कि प्यारे बच्चों, विद्यालय के इस गरिमामय समारोह कार्यक्रम में आप सभी के बीच आकर मैं, अभिभूत हूं। उन्होने कहा आप लोगों के बीच आकर मैं, अपने छात्र-जीवन की स्मृतियों में पहुंच गया हूं, बचपन का वो समय, वो दौर अलग ही था, रोज लगता था, हम ये बनेंगे हम वो बनेंगे आप लोगों को भी लगता होगा। उन्होने कहा प्यारे विद्यार्थियों, हमारी संस्कृति में शिक्षा ग्रहण करने का अर्थ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम स्वयं की और अपने अस्तित्व की खोज करते हैं। एक व्यक्ति के रूप में हमारे सर्वांगीण विकास और एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। उन्होने कहा एक व्यक्ति बचपन में जिस प्रकार की शिक्षा और संस्कार प्राप्त करता है उसी से उसका चरित्र निर्माण होता है। श्री धामी ने कहा हम अपना कैसा कल चाहते हैं इसके लिए हमें अपने आज पर काम करना होगा और हमारा भविष्य कैसा होगा, यह हमारा वर्तमान तय करेगा। उन्होने कहा मुझे यह देख कर अपार हर्ष हो रहा है कि स्कूल में आज उस भविष्य को गढ़ा जा रहा है जो कल के उत्कृष्ट उत्तराखंड और नए भारत का आधार बनेगा। उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, जिसके अंतर्गत देश में अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्तमान समय के अनुसार बनाई गई नई शिक्षा नीति को हमारे सम्मुख रखा गया, जिस पर राज्य द्वारा तत्परता से कार्य किया गया। उन्होने कहा नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को नए आयाम प्राप्त होंगे, इससे सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर भी मिलेंगे। उन्होने कहा स्कूली स्तर पर ''कौशल विकास'' से युवा कुशलता के साथ कार्य करने में सक्षम होंगे। नई शिक्षा नीति के माध्यम से रोजगार परख शिक्षा मिलेगी, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग से तैयारी नहीं करनी पड़ेगी, साथ ही इससे शोध एवम् अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति कारगर साबित होगी। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड देश का प्रथम राज्य है जिसने स्कूली शिक्षा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है। उन्होने कहा कि शिक्षा भारती आदर्श सीनियर सेकण्ड्री स्कूल के प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 और 2022 में खटीमा को टॉपर दिये है और हर वर्ष नीट, एनडीए, आईआईटी आदि प्रतिष्ठित परीक्षाओं में यहां के बच्चे निकलते हैं और विभागों में बड़े-बड़े पदों में भी कार्यरत है एवं विगत वर्ष भी विद्यालय के 2 छात्र सचिन चौबे व कवींद्र तिवारी आईएएस और आईईएस में चयनित हुए हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्धक भास्कर जोशी,रमेश चन्द्र जोशी, गणेश चन्द्र जोशी, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सकैनिया में ग्राम प्रधान के आवास पर आयोजित निशुल्क आंखों की जांच के कैंप का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। ग्राम सभा





सकैनिया की ग्राम प्रधान मीना चौधरी के आवास पर आई साइड आंखों के अस्पताल बाया पैथ लैब एंड आई केयर सेंटर गदरपुर के माध्यम से एक आंखों की जांच के कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी व भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन डॉवदेसराज कंबोज ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। कैंप के दौरान अत्याधुनिक मशीनों द्वारा क्षेत्र के अनेकों महिला व पुरुषों का नेत्रों का परीक्षण किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। इस दौरान बाया आई केयर सेंटर के डॉवशिवम बटला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों की आंख में मोतियाबिंद पाया गया है उनका ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क किया जाएगा।कैम्प में आई केयर सेंटर के टेक्टेशयन अनमोल वर्मा,अमन,मेघा द्वारा सहयोग किया इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ,अनिल जेटली, परमजीत सिंह ,पप्पू कारीगर,रमेश कम्बोज,सुभाष, ओम प्रकाश सिंह, भजन लाल,रीना तोमर,पुष्प देवी, अंकित कुमार ,सुखविंदर सिंह सहित तमाम लोगो ने कैम्प का लाभ उठाया।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए निकाला मार्च

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार स्थित हजारी लाल पेट्रोल पंप से थाना गेट तक पैदल मार्च निकालकर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग की। इस दौरान के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर आरके महाजन ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो कानून का पालन नहीं करता उसे सरकारी अनुदान से पूर्णतया वंचित कर दिया जाए। देश की आजादी



के समय देश की आबादी मात्र 33 करोड थी जो 75 वर्षों में बढ़कर 145 करोड़ हो गई है। भारत सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए और सभी धर्मों के लोग सख्ती से पालन करने के लिए संकल्पबद्ध हो , तभी देश का विकास सफल हो पाएगा अन्यथा बढ़ती आबादी घटते संसाधन स्थिति पर आने वाले समय में जनसंख्या विस्फोट के रूप में जो परिणाम होंगे उनको भुगतने के लिए सभी को तैयार रहना होगा। इस मौके पर अमित ढींगरा, गोपाल सिंह, ओम प्रकाश, अमरीक सिंह सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# विधायक शिव ने खुशी विला में सुनी समस्या

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खुशी विला पहुँचे विधायक शिव अरोरा । जहाँ उन्होंने लोगो की समस्याओं को सुना साथ ही पूर्व में कालोनिवासियो द्वारा अवगत करवाई गई समस्याओं के समाधान पर विधायक शिव अरोरा का आभार जताते हुए उनका फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत भी किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा चुनाव बाद खुशी विला क्षेत्र में आना हुआ हालाकि यहाँ की जनता द्वारा विद्युत तारो की व अन्य समस्याओं को लेकर विषय संज्ञान में लाया गया था जिसका समाधान करवा दिया गया हैं। उन्होंने कहा हमारी कार्यक्षेली थोड़ी भिन्न है हम समस्याओं लटकाने में नही उनके निवारण की ओर ध्यान देते हुए रुद्रपुर में कार्य कर रहे हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा जनता ने उनको क्षेत्र के विकास के लिये चुना है और वो उसपर खरा उतरने के लिये लगातार कार्य कर रहे है। एक विधायक के रूप में क्षेत्र में नई नई योजनाएं आये और क्षेत्र की जनता उससे सीधे लाभान्वित हो ऐसा प्रयास रहता हैं। वही विधायक ने कालोनिवासियो द्वारा सड़क व नाली निर्माण जैसी समस्याओं से अवगत करवाया है निश्चित रूप से आने वाले समय मे उन कार्यो को भी करवाया जायेगा । विधायक शिव अरोरा ने कहा सड़क नाली चारो ओर बन ही रही है लेकिन हम उससे भी आगे एक नये रुद्रपुर के संकल्प को लेकर चल रहे हैं जिससे हम क्षेत्र सुंदर नजर आए और रुद्रपुर के



विकास मॉडल को हर मंच पर सराहा जाये ऐसी सोच के साथ हम कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मण्डल महामंत्री राजेश जग्गा, धीरेंद्र पटेल, अरविंद गंगवार, कृष्ण चौधरी, प्रकाश सुन्द्रियाल, राजकुमार, यतेंद्र चौधरी, सुनील शर्मा, सुमेर सिंह,नीरज शर्मा, राकेश सेमवाल, सजेंद्र,बी एन तिवारी, रंजन सिंह,प्रवीण, सीमा, शालिनी, रजनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# खटीमा में सीएम धामी की माताजी से मिले भगतदा

खटीमा/सितारगंज। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी आवास पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती बिशना देवी व पत्नी श्रीमती गीता धामी से भेंट कर कुशलक्षेम पूछी और होली की शुभकामनायें दी । इस दौरान उन्होंने श्रीमती बिशना देवी को शॉल ओढ़कर स्वागत किया। भगतदा ने कहा कि उत्तराखंड में सबसे युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनभावनओं के अनुरूप काम कर रहे हैं उन्हें लोगों का भरपूर आशीर्वाद मिला है। खटीमा के लोगों को अपने वहां से सीएम बनाने का सौभाग्य नहीं मिला मगर पूरे प्रदेश को धामी के रूप में सीएम मिलने का सौभाग्य मिला है। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में भाजपाइयों की बैठक में कोश्यारी ने कहा कि 2017 के चुनाव में यहां की जनता धामी को मंत्री बनाने की मांग कर रही थी लेकिन तब उन्होंने कहा था कि मंत्री नहीं मुख्यमंत्री की





बात करिए। देश भर में जब धामी की तारीफ होती है तो उन्हें भी गर्व होता है क्योंकि उन्होंने भी धामी को आगे बढ़ाया है। लोग कहते हैं कि धामी व्यवहार कुशल हैं। नपा तुला बोलते हैं। जनता का आशीर्वाद बना रहे तो धामी कामयाबी की नई ऊंचाइयों को छुवेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत एवं संचालन सतीश गोयल ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राजपाल सिंह, रमेश जोशी (रामू), हिमांशु बिष्ट, देवेंद्र चंद, गौरव सोनकर, किशन सिंह किन्ना, भुवन भट्ट, राम पांडे, मो. अकरम, मनोज बाधवा, कामिल खां आदि मौजूद थे। कोश्यारी ने प्रदेश और केंद्र सरकारों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वपटल पर देश आपस में लड़ते हैं। समाधान की अपेक्षा प्रधानमंत्री मोदी से करते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं को अपना कर हम खुद आत्मनिर्भर बन सकते है। इससे प्रदेश और देश मजबूत होगा। हिमाचल के लोग आत्म निर्भर है। मुंबई और दिल्ली में हिमाचल के लोग नहीं उत्तराखंड के लोग मिलते हैं। हमें व्यवसाय, दुग्ध, मछली पालन, स्वयं सहायता समूह स्वरोजगार, उद्योग उन्नत कृषि, फल-फूल का काम अपनाना होगा। वह जीवन के अंतिम क्षण पहाड़ में गुजारना चाहते हैं। समाज, देश और प्रदेश की सेवा करना चाहते है। पहाड़ जाकर कृषि, फूल, उद्यान, मत्स्य पालन, डेरी आदि जो भी संभव होगा